Instructions Bulletin for the Operation Failure of the Month of Feb- 2022

No. IB/ETC/GZB/2021-22/11

## 1.0 Case Study – 1

| Date | Loco No. | Train No. | Division/Rly. |
|---|---|---|---|
| 02.02.2022 | 35020/गाजियाबाद | 12002 | दिल्ली |
| यू॰ओ॰आर/ विफलता का विवरण | दिनांक-02.02.22 को गाड़ी संख्या -12002 के लिए लोको संख्या – 35020/GZB नामित था, जिसे LPS श्री चंदन कुमार ने रैक के साथ नई दिल्ली प्लेटफॉर्म संख्या – 1 पर प्लेस किया \| गाड़ी का प्रस्थान सही समय पर हुआ \| शिवाजी ब्रिज पास करते समय लोको पायलट श्री एल. पी . रॉय ने पाया कि गाड़ी कि गति 15 kmph से अधिक नहीं बढ़ पा रही है \| | | |
| लोको-पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही/ ट्रबल शूटिंग | लोको पायलट ने स्विच 160 को ऑपरेट करके तथा VCU द्वारा MCE को OFF /ON करके कोशिश किया परन्तु सफलता नहीं मिली \| तब गाड़ी को कि॰मि॰ –1536/07 पर खड़ी करके BL key द्वारा MCE को OFF / ON करने पर सफलता मिली \| | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल-शूटिंग | स्विच -160 (कन्फ्यूग्रेशन स्विच) की पोजीशन ,<br>पोजीशन :- 1 – सामान्य अवस्था ,<br>पोजीशन :- 0 - कन्फ्यूग्रेशन अवस्था (अधिकतम गति15KMPH)<br>➢ शंटिंग मोड के लिए स्विच 160 का ऑपरेशन ----<br>✓ BL की चाबी D पोजीशन पर हो<br>✓ थ्रोटल 0 पर हो<br>✓ स्पीड 0 हो<br>✓ रिवर्सर 0 पर हो<br>✓ स्विच 160 को पोजीशन 1 से 0 पर करे तथा ट्रैक्शन लेकर स्क्रीन पर “LOCO IS IN SHUNTING MODE” का मेसेज देंखे<br>➢ सामान्य संचालन के लिए स्विच 160 का ऑपरेशन ---<br>उपरोक्त सभी शर्तो के साथ स्विच 160 की पोजीशन 0 से 1 पर करे तथा ट्रैक्शन लेकर स्क्रीन पर उपरोक्त मेसेज का ना आना सुनिश्चित करे<br>नोट :-<br>✓ यदि लोको की गति 15 KMPH से अधिक ना बढे तो उपरोक्त नियमानुसार स्विच 160 को 1 पर करे ( सफलता न मिले तो)-<br>✓ CE को ऑफ /ऑन करके कोशिश करे | | |
| रिमार्क | ख़राब कार्य -<br>✓ LPS श्री चंदन कुमार ने सामान्य संचालन के लिए स्विच 160 को पोजीशन न . 1 पर नहीं किया.<br>✓ लोको पायलट श्री एल. पी . रॉय ने स्पीड जीरो ( 0) पर किये बिना स्विच 160 को 1 पर किया , जिस कारण स्पीड 15 kmph से उपर नहीं आ पाई. | | |

## 2.0 Case Study – 2

| Date | Loco No. | Train No. | Division/Rly |
|---|---|---|---|
| 24.02.22 | 37537+30301/KYN | 22222 | दिल्ली |
| यू०ओ०आर/विफलता का विवरण | दिनांक- 24.02.22 को लोको संख्या – 37537 (मास्टर)+30301 (स्लेव)/ KYN, गाड़ी संख्या – 22222 पर लोको पायलट श्री एम. के. प्रभाकर, मुख्यालय – झाँसी कार्य कर रहे थे \| गाड़ी का निजामुद्दीन स्टेशन से प्रस्थान होने पर स्लेव लोको पर बतौर Watcher कार्यरत ALP श्री अमित रायकवार ने व्हील से घिसने कि आवाज़ आने कि सुचना दी \| | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | गाड़ी को खड़ा करके लोको चेक किया तो पाया की लोको ब्रेक रिलीज़ नहीं थे, ALP ने DV तथा आइसोलेट कॉक के द्वारा ब्रेक रिलीज़ किये लेकिन सफलता नहीं मिली \| पुश पुल फॉर्मेट में स्लेव लोको में लोको ब्रेक लगना व् रिलीज़ होना मास्टर लोको के द्वारा होता है \| संभवतः गाड़ी प्रस्थान से पहले लोको पायलट के द्वारा लोको ब्रेक रिलीज़ किया गया. परन्तु कार्यरत Watcher ने स्लेव लोको में लोको ब्रेक रिलीज़ होना सुनिश्चित नहीं किया \| MCE को OFF/ON किया तो सफलता मिली \| गाड़ी का प्रस्थान 17 मिनट कि विलंबता से हुआ \| | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग/ लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | - | | |
| रिमार्क | **ख़राब कार्य - स्लेव लोको मे बतौर watcher कार्यरत सहायक लोको पायलट को लोको ब्रेक रिलीज़ होना सुनिश्चित करना चाहिये था.** | | |

## 3.0 केस अध्ययन – 3

| दिनांक | लोको संख्या/शेड | गाड़ी संख्या | मण्डल |
|---|---|---|---|
| 03.02.2022 | 60129 / SRE | UP / MJPJ | मुरादाबाद |
| यू०ओ०आरविफलता का / विवरण | दिनांक 03.02.2022 को गाड़ी संख्या UP/MJPJ लोको संख्या 60129/SRE में लोको पायलट श्री सचिन सिंह मुख्यालय मुरादाबाद के दुवारा कार्य करने के दौरान QXR स्टेशन पर लाइन संख्या - 1 में फाउलिंग मार्क साफ़ किये बिना गाड़ी को खड़ा कर दिया। जिसके कारण गाड़ी संख्या 14311 की समय बद्धता की हानि हुयी। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही ट्रबल शूटिंग / | • लोको पायलट दुवारा गाड़ी को फाउलिंग मार्क साफ किये बिना गाड़ी को खड़ा कर दिया<br>• फाउलिंग मार्क साफ होना गार्ड या स्टेशन मास्टर से सुनिश्चित नहीं किया।<br>• गाड़ी को स्टार्टर सिगनल से काफी पहले खड़ा कर लिया। | | |
| TSDके अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | स्टेशन पर गाड़ी खड़ा करने का विधिवत तरीका निम्न प्रकार है :-<br>1. गाड़ी को हमेशा स्टार्टर की जड़ (Foot of the starter) मे खड़ा करें।<br>2. गाड़ी खड़ी होने के उपरान्त पीछे फाउलिंग मार्क साफ होना सुनिश्चित करें। | | |
| रिमार्क | **ख़राब कार्य** - लोको पायलट ने गाड़ी को स्टार्टर से काफी पहले खड़ा कर दिया जिससे पीछे फाउलिंग मार्क साफ नहीं हो सका जिसके कारण गाड़ी संख्या 14311 की समय बद्धता कि हानि हुयी। | | |

4.0 केस अध्ययन – 4

| दिनांक | लोको संख्या/शेड | गाड़ी संख्या | मण्डल |
|---|---|---|---|
| 09.02.2022 | 28717 / SRE | DN / CFCC | मुरादाबाद |
| यू०ओ०आरविफलता का / विवरण | दिनांक 09.02.2022 को गाड़ी संख्या DN / CFCC के लोको संख्या 28717 / SRE में लोको पायलट श्री राजीव कुमार सैन मुख्यालय रोज़ा के दुवारा कार्य करने के दौरान तिलहर स्टेशन का डिस्टेंट एक पीला देखकर A-9 के दुवारा प्रेशर गिराकर गाड़ी को नियंत्रित किया I गाड़ी डिस्टेंट सिगनल के पास आकर खड़ी हो गयी तथा कुछ वैगन में ब्रेक जाम होने के कारण आगे नहीं बढ़ सकी I लोको पायलट ने कुछ गाड़ियों को Manualy रिलीज़ करके गाड़ी को चलाया I उक्त गाड़ी 20 मिनट तक तिलहर स्टेशन खड़ी रही लेकिन लोको पायलट ने गाड़ी की जाँच करवाने के लिए कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया I जब प्रस्थान सिग्नल को ऑफ किया गया तब लोको पायलट ने गाड़ी में ब्रेक जाम होने की सूचना दी जिस कारण उक्त गाड़ी के साथ साथ दो अन्य मेल एक्सप्रेस गाड़ियों की समय बद्धता की हानि हुयी | | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही ट्रबल शूटिंग / | • लोको पायलट ने डिस्टेंट सिग्नल एक पीला देखकर गाड़ी को इतना अधिक प्रेशर गिराया कि गाड़ी डिस्टेंट सिग्नल पर ही खड़ी हो गयी I<br>• गाड़ी रिलीज़ न होने के कारण लोको दुवारा गाड़ी नहीं खींच पाने के बाद गाड़ी की जाँच की I<br>• लोको पायलट के दुवारा कुछ गाड़ियों को हाथ से रिलीज़ किया गया I<br>• तिलहर स्टेशन पर आकर गाड़ी को खड़ा किया तथा स्टार्टर सिगनल ऑफ होने के बाद दुबारा से गाड़ी जाम होने की सूचना दी I | | | |
| TSDके अनुसार ट्रबल शूटिंगलोको पायलट द्वारा / की जाने वाली सही कार्यवाही | लोको पायलट दुवारा<br>1. Minimum Braking Force के साथ गाड़ी को नियंत्रित करना चाहिए था I<br>2.जब गाड़ी की जाँच की तो पूरी गाड़ी की जाँच समुचित तरीके से करनी चाहिए थी I<br>3.स्टेशन पर पहुंचकर सुनिश्चित करना चाहिए था कि गाड़ी पूरी तरह से रिलीज़ है I<br>4.यदि गाड़ी पूरी तरह से रिलीज़ नहीं थी तो तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित करना चाहिए था I | | | |
| रिमार्क | ख़राब कार्य – लोको पायलट दुवारा गाड़ी को नियंत्रित करने के लिए अत्यधिक BP प्रेशर गिराया गया तथा गाड़ी के ब्रेक जाम होने पर न ही सही से रिलीज़ किया गया और न ही समय से स्टेशन मास्टर को सूचना दी गयी I | | | |

5.0 केस अध्ययन – 5

| दिनांक | लोको संख्या/शेड | गाड़ी संख्या | मण्डल |
|---|---|---|---|
| 11.02.2022 | 32388 / BJU | UP / ICB Tank | मुरादाबाद |
| यू०ओ०आरविफलता का / विवरण | दिनांक 11.02.2022 को गाड़ी संख्या UP/ICB Tank के लोको संख्या 32388/BJU में लोको पायलट श्री मनीष कुमार गुप्ता मुख्यालय मुरादाबाद के दुवारा कार्य करने के दौरान कांकाठेर स्टेशन पर खड़े-खड़े Fault Code F0402P1(Harmonic Filter Contactor Stuck off / on) आने के बाद लोको पायलट दुवारा फाल्ट एकनॉलेज करके Tractive Effort देने पर VCB ट्रिप हो गया। लोको पायलट ने MCE ऑफ़ /ऑन किया लेकिन उसके बाद पैंटोग्राफ नही उठा। लोको पायलट दुवारा बोगी-1 काम से अलग की गयी लेकिन सफलता नहीं मिली। जिस कारण लोको को फेल करना पढ़ा। मुख्य लोको निरीक्षक दुवारा जाँच करने पर हार्मोनिक फ़िल्टर की कॉक बंद अवस्था में पायी गयी। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही ट्रबल शूटिंग / | • लोको पायलट दुवारा फाल्ट एकनॉलेज करके TE देने पर VCB ट्रिप हो गया।<br>• लोको पायलट ने टीएलसी को सूचित किया तथा MCE ऑफ़ / ऑन करके VCB को बंद किया लेकिन TE देने के बाद VCB दुवारा से ट्रिप हो गया।<br>• लोको पायलट ने दुवारा से CE ऑफ़ / ऑन किया लेकिन उसके बाद पैंटोग्राफ नहीं उठ सका।<br>• लोको पायलट दुवारा MR / AR का प्रेशर ड्रेन किया गया।<br>• अंत में लोको पायलट दुवारा रिलीफ लोको की मांग की गयी। | | |
| TSDके अनुसार ट्रबल शूटिंगलोको पायलट द्वारा / की जाने वाली सही कार्यवाही | दोष निवारण करने का उचित विधिवत तरीका निम्न प्रकार है :-<br>1. Throttle को 0 की स्थिति पर रखें तथा फाल्ट को BPFA के दुवारा Acknowledege करें।<br>2. BLDJ को दवाकर VCB को बंद करें ।<br>3. न्युमटिक पेनल पर फ़िल्टर क्यूबिकल कॉक का खुला होना सुनिश्चित करें।<br>4. MCE को ऑफ़ / ऑन करें।<br>5. हार्मोनिक फ़िल्टर सर्विस में आने पर गाड़ी काम करें।<br>6. सफलता नही मिलने पर 40 kmph की गति से टीएलसी को सूचित कर गाड़ी काम करें।<br>7. SR-1 तथा स्विच 154 दुवारा बोगी-1 को काम से अलग कर हार्मोनिक फ़िल्टर को सर्विस में लाने की कोशिश करें। | | |
| रिमार्क | ख़राब कार्य –<br>चूकि उक्त लोको में हार्मोनिक फ़िल्टर की कॉक बंद अवस्था में थी जिसे लोको पायलट सामान्य अवस्था में करने में असफल रहा जिसके कारण उक्त गाड़ी का अनावश्यक बिलम्ब हुआ। | | |

**6.0 विजिलेंस यूनिट को स्विच 237.1 से आइसोलेट करने का तरीका:**

**विजिलेंस कट आउट स्विच स्विच -237.1 की पोजीशन.**

- पोजीशन :- 1 --- VCD कार्यरत
- पोजीशन :- 0--- VCD आइसोलेट

➢ जब कभी ACK करते रहने के बाद भी VCD ऑपरेट हो जाये या मॉल फंक्शन करने लगे या रिसेट करने पर भी रिसेट ना हो तो निम्न प्रकार से विजिलेंस यूनिट को आइसोलेट कर सकते है.

✓ CE को ऑफ करे
✓ स्विच 237.1 को पोजीशन 1 से 0 पर करे
✓ नियमानुसार लोको इनरजाइज करे
✓ VCD आइसोलेट हालत मे कार्य करे

➢ नोट :- VCD आइसोलेट करने से पहले टीएलसी की अनुमति अवश्य ले

उपरोक्त निर्देश बुलेटिन विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र, गाजियाबाद की वेबसाइट www.etcgzb.in पर भी उपलब्ध है।

KKRastogi

( K.K. Rastogi)
Principal/ETC/GZB

न०. 232-विद्युत/वि०प्र०के०/प्रशिक्षण-1 Dated: 11.03.2022

प्रतिलिपि:

(i) मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उ०रे०,बड़ोदा हाउस नई दिल्ली - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(ii) मुख्य विद्युत अभियंता /मोबिलिटी/ उ०रे०,बड़ोदा हाउस नई दिल्ली – सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(iii) वरि०विद्युत मंडल अभियंता /परिचालन /नई दिल्ली, लखनऊ -सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(iv) वरि०विद्युत मंडल अभियंता/कर्षण / फिरोजपुर,मुरादाबाद , अंबाला - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।